जयपुर (राजस्थान) से प्रकाशित एवं दिल्ली, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, गुजरात, उत्तराखंड, छत्तीसगढ़, बिहार, हिमाचल प्रदेश और झारखण्ड राज्यों में प्रसारित

(DAVP-CODE No. 120390) भारत सरकार का रजि. नं. 10311/1965


साप्ताहिक

# हमारा वतन

देश का अपना अखबार

ہمارا وطن ہفت روزہ

संस्थापित 1965



संस्थापक
स्व. श्री राजेन्द्र कुमार 'अजेय'
स्वतंत्रता सेनानी



संरक्षक
बाबू लाल सैनी



सम्पादक
राम गोपाल सैनी

www.hamarawatan.com FOLLOW US:- Hamarawatan | Hamarawatan65 | Hamarawatan3 | Hamarawatan

वर्ष- 57 अंक-42 जयपुर, सोमवार, 8 नवम्बर , 2021 वार्षिक शुल्क 200 रुपये (एक प्रति 4 रु.) पृष्ठ संख्या 4

## राजस्थान उपचुनावों में जीत के बाद गहलोत को फ्री हैंड



जयपुर (हमारा वतन) वल्लभनगर और धरियावद सीटों पर हुए उपचुनाव और अलवर-धौलपुर पंचायतीराज चुनाव में कांग्रेस की जीत का असर अब पार्टी की अंदरुनी राजनीति पर भी पड़ेगा। हालांकि अब मंत्रिमंडल विस्तार और राजनीतिक नियुक्तियों का मामला थोड़ा और आगे खिसक सकता है।उपचुनाव की जीत ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को राजनीतिक रूप से मजबूती देने के साथ अब कुछ हद तक सुरक्षित भी कर दिया है। गहलोत को अब कांग्रेस हाईकमान से इन फैसलों के लिए काफी हद तक फ्री हैंड मिल सकता है।

सचिन पायलट कैंप की मांगों को अब जल्द पूरा करने पर संशय के हालात बन गए हैं। पायलट खेमा मंत्रिमंडल, राजनीतिक नियुक्तियों और संगठन में बराबर की हिस्सेदारी चाहता है। पायलट कैंप की मांगों को लेकर ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी में चर्चा हो चुकी है। फिलहाल राजनीतिक रूप से अशोक गहलोत मजबूत हुए हैं, इसलिए वे अपने खेमे के लिए ज्यादा पक्ष लेने के हालत में होंगे।

**गहलोत खेमे के विधायकों का भी मंत्री बनने के लिए बराबर दबाव**-बसपा से कांग्रेस में आने वाले छह विधायक, सरकार का समर्थन करने वाले निर्दलीय विधायक और गहलोत खेमे के वरिष्ठ कांग्रेस विधायक भी मंत्री पद के लिए दावेदारी कर रहे हैं। गहलोत समर्थक विधायक भी लगातार लॉबिंग कर रहे हैं। अब पायलट कैंप अगर ज्यादा विधायकों को सरकार में भागीदारी के लिए दबाव बनाएगा तो गहलोत कैंप भी दावा करेगा। उपचुनाव और पंचायतीराज चुनाव के बाद गहलोत खेमे का कॉन्फिडेंस बढ़ा है।

**उपचुनाव की जीत ने कई मंत्रियों को दी लाइफ लाइन**-उपचुनाव की जीत ने कई मंत्रियों को लाइफलाइन दे दी है। पहले जिन मंत्रियों को मंत्रिमंडल से बाहर करने को लेकर चर्चाएं तेज थीं, उन मंत्रियों को भी लाइफ लाइन मिल गई है। जिन मंत्रियों के नाम हटने वालों में थे उनमें से कुछ पायलट कैंप के निशाने पर थे। अब बदले हालात में यह भी हो सकता है कि मुख्यमंत्री किसी को ड्रॉप किए बिना केवल विस्तार ही करें। हाईकमान के स्तर से हस्तक्षेप नहीं हुआ तो सीएम गहलोत अपने टाइम और अपने फॉर्मूला से मंत्रिमंडल विस्तार और राजनीतिक नियुक्तियां करेंगे।

**कांग्रेस में खींचतान तेज होने की संभावना**-उपचुनाव और दो जिलों में प्रमुख-प्रधान चुनाव की जीत के बाद सीएम अशोक गहलोत कैंप मजबूत भले हुए हों, लेकिन इससे कांग्रेस में खींचतान बढ़ने के आसार है। सचिन पायलट कैंप मंत्रिमंडल विस्तार से लेकर राजनीतिक नियुक्तियों में अपनी हिस्सेदारी की मांग प्रमुखता से रखेगा। गहलोत अड़े तो फैसला फिर अटक सकता है। ताजा घटनाक्रम से सियासी समीकरण गहलोत के पक्ष में हैं। पायलट खेमा अपनी मांगें नहीं छोड़ेगा। सियासी संतुलन नहीं बनने की हालत में दोनों खेमों की खींचतान और तेज हो सकती है।



## शिक्षा की अलख जगाने वाले डॉ. शंकर को मिलेगा मौलाना अबुल कलाम आजाद शिक्षा पुरस्कार

बिहार (हमारा वतन) जमुई के डॉक्टर शंकर नाथ झा को शिक्षा क्षेत्र का सर्वोच्च पुरस्कार मिलेगा। राष्ट्रीय शिक्षा दिवस पर 11 नवंबर को सीएम नीतीश कुमार पटना में आयोजित एक कार्यक्रम में ढाई लाख रुपए के मौलाना अबुल कलाम आजाद शिक्षा पुरस्कार से सम्मानित करेंगे। डॉ. झा को यह पुरस्कार महादलित समुदाय के लोगों को शिक्षित करने के लिए दिया जा रहा है।

डॉ. झा मूल रूप से बाबा नगरी देवघर के निवासी हैं, लेकिन पिछले 33 साल से (1988) जमुई में शिशु रोग विशेषज्ञ के रूप में लोगों की सेवा कर रहे हैं। वह काफी मिलनसार और सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने वाले डॉक्टर हैं। पिछले 15 वर्षों से अपनी टीम के साथ मिलकर महादलित समुदाय के लोगों को शिक्षित कर रहे हैं। इस समुदाय के कई बच्चे शिक्षित होकर नौकरी पेशा में हैं। कुछ अपने समुदाय के अन्य बच्चों को शिक्षित कर रहे हैं। इस विषय में महादलित समुदाय के शिक्षित युवक अर्जुन ने कहा कि डॉ. साहब ने महादलित बस्तियों में जाकर उस समुदाय के बच्चों को शिक्षित किया, जो बाल मजदूरी करने ईट भट्टे पर जाते थे। उनका यह अभियान आज रंग लाया है।वहीं, गांव की महिला रितिका देवी ने कहा कि डॉक्टर झा को पुरस्कार मिलने से काफी खुशी हो रही है। पहले कोई भी बच्चा पढ़ने को लेकर जागरूक नहीं था, लेकिन आज स्थिति बिल्कुल अलग है। बच्चे पढ़ने लगे हैं और शिक्षित भी होने लगे हैं। उसमें एक बच्चा मेरा भी है।

**55 केंद्रों पर दी जा रही शिक्षा**-पुरस्कार के लिए आभार जताते हुए डॉ. झा ने बताया कि महादलित बच्चों को शिक्षित करने का बीड़ा मैं और मेरी टीम ने करीब 15 वर्षों पहले उठाया था। महादलित समुदाय के एक टोले से शुरू किया गया यह काम आज 55 टोले तक पहुंच गया है। करीब 5500 बच्चे शिक्षित हो चुके हैं और आज 55 केंद्रों पर करीब 1500 बच्चों को शिक्षा दी जा रही है।

आने वाले दिनों में इस समुदाय के बच्चों को शिक्षित करने को लेकर काफी प्रयास करने की योजना भी है। जिस पर काम किया जा रहा है।

उनका कहना है कि भले ही सरकार यह पुरस्कार हमें दे रही है, लेकिन असली हकदार हमारी पूरी टीम है। उन्होंने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की भी काफी सराहना की। वर्तमान सरकार ने महादलित समुदाय के लिए काफी काम किया है। बिहार सरकार के इस पुरस्कार के लिए 28 लोगों ने अपना आवेदन दिया था।

**11 नवंबर को राष्ट्रीय शिक्षा दिवस**-भारत में हर साल 11 नवंबर को राष्ट्रीय शिक्षा दिवस मनाया जाता है। यह दिवस आजाद भारत के पहले शिक्षा मंत्री रहे मौलाना अबुल कलाम आजाद के जन्मदिन के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। मानव संसाधान मंत्रालय ने 11 नवंबर 2008 को ऐलान किया था कि हर साल 11 नवंबर को राष्ट्रीय शिक्षा दिवस मनाया जाएगा ।

## पवन कुमार सोनी ने किया सफाई कर्मचारियों का सम्मान

चौमूं (हमारा वतन) दीपावली के पावन पर्व पर एक अच्छी पहल करने का बीड़ा पवन कुमार सैनी ने उठाया है । धनतेरस पर खुले नवीन प्रतिष्ठान विनायक ज्वेलर्स के शुभारंभ पर पवन कुमार सोनी ने चौमूं नगरपालिका के सफाई कर्मचारियों का सम्मान किया । सम्मान में सभी कर्मचारियों को माला पहनाकर,एक चांदी का सिक्का और मिठाई भेंट कर सम्मानित किया । प्रोपराईटर पवन कुमार सोनी ने बताया कि सफाई कर्मचारियों ने कोरोना काल में अपने जीवन को जोखिम में डालकर अपनी सेवाएँ दी हैं । इनका सम्मान कर अपने आपको गोरवान्वित महसूस कर रहा हूँ ।



## आशिमा विहार में भैय्यादूज पर किया औषधीय पौधों का रोपण

देहरादून (हमारा वतन) भैय्यादूज का पावन पर्व भाई बहिन के रिश्ते के महत्व को दर्शाता है । इस दिन बहिने भाई की लंबी आयु की आराधना करती हैं तथा भाई अपनी बहनों को कई उपहार देते हैं और बदले में बहनें अपने भाइयों को मिठाई देती हैं । भैय्यादूज के अवसर पर पर्यावरणविद् वृक्षमित्र डॉ त्रिलोक चंद्र सोनी के नेतृत्व में आशिमा विहार में औषधीय आवंला के पौधों का रोपण किया और एक - एक पौधा डॉ सोनी ने उपहार में भेंट में दिया। पर्यावरणविद् वृक्षमित्र डॉ त्रिलोक चंद्र सोनी ने कहा पर्यावरण बचाना हर व्यक्ति का दाइत्व होना चाहिए तभी हमारा वातावरण स्वच्छ व प्रदूषण मुक्त होगा। कहा किजन्मदिन, नवजात शिशु जन्म, नामकरण, अन्नप्राशन, चूड़ाकर्म, त्यौहारों, भागवत कथा व प्रथम नियुक्ति, पदोन्नति, स्थानान्तरण, अपने खास यादगार पलो व माता पिता के नाम पर एक एक पौधा लगाते हैं तो वह पौधा हमारे भावना से जुड़ेगा और उनका संरक्षण भी होगा और अपनो की यादें इस धरा में पेड़ के रूप में रहेगा। इन पौधों को देखकर आने वाली पीढ़ी प्रेरणा लेकर इस परंपरा को पीढ़ी दर पीढ़ी बढाएंगे जिसका सीधा प्रभाव पर्यावरणीय संतुलन बनेना में होगा। पौधारोपण में बिशम्बर सिंह, रामचन्द्र यादव, कुणाल यादव, नमिता यादव, किरन यादव, आयुष्मान आदि रहे ।



## चंद्रकला चैरिटेबल ट्रस्ट ने जरूरतमंदो के घरों को 1000 दीपक जलवाकर किया रोशन

जयपुर (हमारा वतन) महामारी के दौरान काफी समस्याओं के साथ जूझ रहे लोगों की खुशियों व विकास को ध्यान में रखकर चंद्रकला चैरिटेबल ट्रस्ट की विशेष योजना की 3 दिवसीय पहल सराहनीय रही। इस पहल में ट्रस्ट की ओर से साथी असहाय व जरूरतमदों के लिये सहभागी बन रहें है । आयोजन के दौरान सभी बहुत ही खुश दिखे। लोगों ने इस पहल में अपना सहयोग प्रदान किया। ट्रस्ट द्वारा कोरोना महामारी से असहाय व जरूरतमंद परिवारो के लिए, उदास बच्चो के लिये वस्तुएं बांटते, अन्धेरे में डूबे घरों को दीयो से रोशन करते हुए दीपोत्सव मनाया । दीपोत्सव के दौरान ट्रस्ट की ओर स मिठाईयाँ, राशन किट वितरित किय गये व अधिक से अधिक घरों में दीपक जलवाय गये ।चन्द्रकला चैरिटबल



ट्रस्ट की फाउंडर व डायरेक्टर चन्द्रकला गोठवाल ने बताया कि उन्होंन तीन दिन तक लोगों के जीवन में बदलाव ला सके । इसके लिए यह योजना बनाई जिसका उद्देश्य परेशान महिलाओं व लोगों को कुछ खुशियाँ दे पाना हैं साथ ही जीवन को ओर अच्छा बनाने का प्रयास करने तथा इस जीवन को सुखमय कैस बनाए रखें की प्रेरणा। समस्या सभी के साथ आती हैं पर समस्याओं का सामना करने का व हार नहीं मानने का हौसला जागृत किया । यह कार्य पानीपेच बन्जारा बस्ती, जयसिंह पुरा ,फुटपाथ पर सामग्री का वितरण व दीपक लगवाय तथा उसी समय जयसिंह पुरा में एक जागरूकता कार्यशाला के तहत प्रशिक्षण चलाने का आयोजन करने के लिए किया गया। ट्रस्ट के उद्देश्यों के अनुसार अधिक से अधिक घरों को रोशन करने की योजना सफ़ल रही है। लोगों को सुरक्षित दीपोत्सव मानने की सलाह दी गई व सेवा कार्यों में भाग लेने व जरूरत मदों के लिये सहभागी बनने का आग्रह किया गया । जो सहयोग कर सकते हैं वह थोड़ा समय देकर सहायता जरूर करें योजना की पहल के दौरान सीमा, पूजा, कमलेश नागरवाल, अन्य महिलाए व बच्चे आदि उपस्थित रहे।

## पशुपालन विभाग के 93 अधिकारियों के पदोन्नति आदेश जारी

जयपुर(नि.सं.)। पशुपालन विभाग के विभिन्न संवर्ग के 93 अधिकारियों के पदोन्नति आदेश जारी किए गए। पशुपालन मंत्री लालचन्द कटारिया ने बताया कि वर्ष 2018-19 से 2020-21 तक की पदोन्नति के लिए गत 25 अक्टूबर को विभागीय पदोन्नति समिति (डीपीसी) की बैठक में अधिकारियों की पदोन्नति पर निर्णय लिया गया। इसी क्रम में विभाग के सामान्य एवं विशिष्ट शाखा के 40 उप निदेशक तथा 53 संयुक्त निदेशक संवर्ग के अधिकारियों को पदोन्नति दी गई है। उन्होंने बताया कि यह पदोन्नति होने से काफी समय से रिक्त चल रहे विभागीय अधिकारियों के महत्वपूर्ण पदों को भरा जा सकेगा जिससे विभागीय कार्यक्रमों एवं योजनाओं को गति मिलेगी और पशुपालकों को ज्यादा बेहतर ढंग से लाभान्वित किया जा सकेगा।

# चौमूं विधायक रामलाल शर्मा ने किया 1 करोड़ 33 लाख की सड़कों का शिलान्यास

जयपुर (हमारा वतन) ग्राम भुतेडा और बाई का बास में विधायक रामलाल शर्मा और प्रधान रामस्वरूप यादव ने रूप चतुर्दशी पर सावर्जनिक निर्माण विभाग द्वारा स्वीकृत 1 करोड़ 33 लाख की लागत से बनने वाली सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास किया।

इस मौके पर भूतेडा से चेता का बास तक जिसकी दूरी 3 किमी. एवं अनुमानित लागत 105 लाख और बाई का बास से घिनोई तक जिसकी दूरी 1.1 किमी. एवं अनुमानित लागत 28.60 लाख के कार्यो की शिला पट्टिका का अनावरण किया।

विधायक रामलाल शर्मा ने कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि भाजपा के शासन काल मे ही सड़को का चहुमुखी विकास हुआ है, कांग्रेस सरकार में विकास का पहिया अवरुद्ध हुआ है। पंचायत समिति प्रधान रामस्वरूप यादव और उपप्रधान कमला देवी ने उपस्थित जनता को संबोधित किया।



इस मौके जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि ओम प्रकाश दुसाद, उपप्रधान प्रतिनिधि जयप्रकाश चौधरी, पंचायत समिति सदस्य नारंगी कुमावत, लालचंद यादव, गीता देवी, सुमन महेश बुनकर भुतेडा सरपंच गौरीशंकर नेतड, आलीसर सरपंच प्रभु दयाल यादव, डोला का बास सरपंच सुल्तान बुनकर, घिनोई सरपंच एकता कंवर, पूर्व प्रधान महेश मीणा, रिछपाल खर्रा, जगदीश यादव, किशनपुरा सरपंच हरदेव देवंदा कालाडेरा पूर्व सरपंच विष्णु नागर, कालाडेरा मंडल अध्यक्ष बनवारी शर्मा, एसटी मोर्चा अध्यक्ष पूर्व सरपंच रामगोपाल मीणा, रिछपाल कुमावत, बंशीधर यादव, तोफान मीणा, पूरण यादव धर्मेंद्र यादव नारू मीणा, मोहन यादव, सोहन पारिक, सुरेंद्र बोचलिया, नाथूराम रुंडला सहित सैकड़ो की संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

## आवर हैण्ड फॉर हेल्प फाउंडेशन ने किया जरुरतमंदो को भोजन वितरण



जयपुर (हमारा वतन) आवर हैण्ड फॉर हेल्प फाउंडेशन ने अपने सामाजिक कार्यो की कड़ी में जरुरतमंदो को भोजन वितरण किया । यह भोजन वितरण का कार्यक्रम चौमूं से जयपुर शहर की बहुत सी कच्ची बस्तियों में किया गया । अध्यक्ष चन्द्र प्रकाश ने बताया की हमारा ग्रुप लगातार जरुरतमन्दो की सहायता कर रहा है । यह प्रोग्राम कच्ची बस्तियों में रहने वाले जरुरतमन्दो के लिए किया गया है।

कार्यक्रम के दोरान सोसाइटी उपाध्यक्ष महेश, सचिव विकाश, राकेश, हेमंत, कीर्ति, अंशु, मोहित, सुनील, भूपेंद्र, सुनैना आदि उपस्थित रहे ।

# उपचुनाव में मिली जीत को लेकर कांग्रेसियों ने की आतिशबाजी



जयपुर (हमारा वतन) राजस्थान की धरियावद और वल्लभनगर विधानसभा सीट पर हुए उपचुनाव में कांग्रेस प्रत्याशियों को ऐतिहासिक जीत मिली है। जिसको लेकर पूर्व विधायक भगवान सहाय सैनी, चेयरमैन विष्णु कुमार सैनी व कांग्रेसकर्ताओं ने नगरपालिका के सामने आतिशबाजी की। पूर्व विधायक भगवान सहाय सैनी ने बताया कि विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस ने धरियावद सीट पर जीत दर्ज करा दी है ।

उपचुनाव में कांग्रेस ने बीजेपी को जबर्दस्त शिकस्त देते हुये अपनी जीत दर्ज करा दी है। कांग्रेस प्रत्याशी नगराज मीणा ने यहां 18000 से ज्यादा मतों से उपचुनाव जीता है । यहां बीजेपी प्रत्याशी तीसरे नंबर पर रहा है।

वहीं विधानसभा वल्लभनगर में कांग्रेस की प्रीति शक्तावत विजय रही, वहां बीजेपी चौथे नंबर पर रही है। राजस्थान की जनता सिर्फ विकास को वोट करती है। इस मौके पर पार्षदगण व कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# माली समाज का दीपावली स्नेहमिलन और अन्नकूट समारोह संपन्न

चौमूं (हमारा वतन) महात्मा ज्योतिराव फुले विकास संस्थान के तत्वाधान में सैनी समाज सभा भवन में पूर्व विधायक भगवान सहाय सैनी व चौमू नगरपालिका चेयरमैन विष्णु कुमार सैनी के सानिध्य में दीपावली स्नेह मिलन व अन्नकूट महोत्सव बड़े धूम धाम से मनाया गया । इस अवसर पर पूर्व विधायक ने दीपावली व गोवर्धन पूजा पर सभी को बधाई व शुभकामनाए देकर कहा कि ऐसे आयोजनों से समाज में अच्छा संदेश जाता है, इसलिए ऐसे कार्यक्रम होते रहने चाहिए।नगरपालिका चेयरमैन विष्णु कुमार सैनी ने भी सभी को शुभकामनाएं दी । इस अवसर पर संस्थान संरक्षक प्रहलाद सहाय अधोपिया ने सभी को बधाई दी व अध्यक्ष शंकर लाल सैनी ने सभी का आभार प्रकट किया। इस अवसर पर सभी आगंतुकों ने पंगत प्रसादी ग्रहण की । इस दौरान मंत्री ओमकार तंवर, उपाध्यक्ष राज कुमार कांकरवाल, कोषाध्यक्ष महेंद्र कुमार जमालपुरिया, अध्यक्ष माली विकास समिति दिनेश कुमार सैनी, भवन निर्माण अध्यक्ष सायर सिंह तंवर, डॉक्टर भगवान सहाय सैनी, डॉक्टर मान प्रकाश सैनी, पूर्व सरपंच कैलाश चंद सैनी, पूर्व चेयरमैन नानू राम व गोविंद नारायण सैनी, राधेश्याम तंवर, घीसा लाल तंवर, हनुमान सहाय सिंगोदिया, रामचंद्र तुन्दवाल,रामेश्वर सिंगोदिया, ओम प्रकाश महार, किशोर घाटावल, गंगा सहाय खड़ोलिया, ओम भगत, सुवालाल सिंगोदिया, अर्जुन लाल सिंगोदिया, छीतर मल बबेरवाल, मोहन लाल तंवर, मोहन लाल सिंगोदिया, रामेश्वर चंदोलिया,सूरज मल, मदन लाल, पूरन मल करवा, धन्ना लाल बागड़ी, रामचंद्र तंवर,प्रभाती लाल सैनी आदि उपस्थित रहे।



# पर्यावरण मित्र और शिक्षक अशोक पाल सिंह का ग्लोक्ल यूनिवर्सिटी के कुलपति ने किया सम्मान

रूडकी (हमारा वतन) पर्यावरण मित्र और शिक्षक अशोक पाल सिंह का ग्लोक्ल यूनिवर्सिटी, सहारनपुर उत्तर-प्रदेश के कुलपति डॉ.सैयद अकील अहमद द्वारा सम्मान किया गया ।




मेयर गौरव गोयल ने कहा कि आज शिक्षा ने तकनीक को विकल्प के रूप में अपनाया है,लेकिन तकनीक कभी भी क्रिएटिविटी पैदा नहीं कर सकती है वह केवल पारंपरिक और संस्कार युक्त शिक्षा में ही पैदा हो सकती है। नगर निगम सभागार में ग्लोक्ल यूनिवर्सिटी , सहारनपुर के तत्वाधान में आयोजित वैश्विक परिवेश मे शिक्षा के बदलते परिदृश्य एवं चुनौतियाँ विषय पर आयोजित शैक्षिक संगोष्ठी एवं शिक्षक सम्मान समारोह मे बतौर मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए मेयर गौरव गोयल ने कहा कि कोरोना काल में शिक्षा के डिजिटल डिवाइड पर कहा कि इसने हमें बहुत रूप में विभाजित किया है,जिसके कारण आर्थिक स्थिति में बदलाव है। यह बदलाव उत्पादन हो या फिर वितरण सभी क्षेत्रों में देखने को मिला है,जिसे तकनीक पूरा नहीं कर सकती है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए ग्लोक्ल यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. डॉ.सैयद अकील अहमद ने कहा कि कोरोना काल ने सबको हैरत में डाल दिया है,जिसमें जीविका और जीवन बचाने की चुनौती देखी जा सकती है,जिसमें एक को बचाने में दूसरे को खोना पड़ा है। शिक्षा क्षेत्र भी इससे प्रभावित हुए बिना नहीं रह सका। इस स्थिति के कारण विद्यालय सबसे दूर हो गये है ,चाहे वह विद्यार्थी हो या फिर शिक्षक। ऑनलाइन शिक्षा ने इस दुविधा को दूर करने में सहयोग तो दिया है पर कुछ शंका भी पैदा की है,जिसमें विद्यार्थी कुछ सीख भी रहे या नहीं यह समझना मुश्किल है। इसे मोटे तौर पर तकनीकी इंथ्यूजिएजम में बांटा जा सकता है,जिसमें बहुत सारी समस्या और चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। जैसे भारत में घर की परिभाषा, तकनीक के प्रयोग की भी परिभाषा अलग-अलग है। यहां पर डाटा और बिजली मिलने में भी चुनौती का सामना करना पड़ता है। कार्यक्रम संयोजक डॉ.वीके शर्मा ने कहा कि तकनीक से शिक्षा लेने के चलते विद्यालय के परिवेश से जो भावनात्मक लगाव होता था वह तकनीक परिवेश नहीं दे पा रहा है। ऑनलाइन शिक्षा के कारण कई सारी चुनौतियों का भी सामना करना पड़ रहा है। शिक्षा के बदलते परिदृश्य में विचार रखते हुए कहा कि वर्चुअल क्लास ने शिक्षा के क्षेत्र में नई विधा को जन्म दिया है,जिससे शिक्षक और विद्यार्थियों दोनों को ही लाभ मिला है।कार्यक्रम का संचालन विनय सैनी विनम्र ने किया। कार्यक्रम में रविराज सैनी, संजय वत्स, राजीव शर्मा, अनुभव, डॉ.रणवीर सिंह, मुनीश यादव, संदीप शर्मा, अशोक पाल, पारूल शर्मा,विनीता स्टैनले, नाजिम, इमरान आदि मौजूद रहे। इस मौके पर 109 शिक्षक -शिक्षिकाओं को सम्मानित किया गया।

# एमडीएफसी सहकारी बैंक ने मनाई दीपावली

चौमूं (हमारा वतन) शहर के कचोलिया रोड स्थित एमडीएफसी सहकारी बैंक के द्वारा दीपावली मनाई गई । इस दौरान बैंक परिसर की विशेष रुप से सजावट की गई । एमडीएफसी सहकारी बैंक के सीईओ रविकांत शर्मा ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी दीपावली की पूर्व संध्या पर बैंक कर्मियों के साथ दीपावली मनाई गई । बैंक कर्मियों और सहयोगियों को मिठाई का डिब्बा प्रदान कर माता लक्ष्मी से प्रार्थना की । इस दौरान एमडीएफसी सहकारी बैंक की अध्यक्ष पूनम शर्मा, पोस्ट ब्रांच मैनेजर सीना यादव, रिकवरी ऑफिसर राजू बराला और मूलचंद मीणा, क्रेडिट मैनेजर श्री कृष्ण शर्मा, केशियर कोमल सेन, सुरेश शेरावत, श्याम प्रकाश शर्मा ,कन्हैया लाल सोनी, हीरालाल बराला, मनीषा यादव, गूगल शर्मा, खुशबू शर्मा आदि मौजूद रहे ।




## जॉब्स

1. उत्तर प्रदेश नेशनल हेल्थ मिशन, पद स्टाफ नर्स, पद संख्या 2445, अंतिम तिथि 10 नवंबर 2021
2. राजस्थान रीको. पद विभिन्न. पद संख्या 217. अंतिम तिथि 13 नवंबर 2021
3. आईबीपीएस, पद पी ओ, पद संख्या 4135, अंतिम तिथि 10 नवंबर 2021
4. हरियाणा फूड कॉरपोरेशन, पद वॉचमैन, पद संख्या 380, अंतिम तिथि 19 नवंबर 2021
5. वेस्ट सेंट्रल रेलवे जबलपुर, पद अप्रेंटिस, पद संख्या 2226, अंतिम तिथि 10 नवंबर 2021
6. फूड सेफ्टी एंड स्टैंडर्ड अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एफएसएसएआई), पद असिस्टेंट, टेक्निकल ऑफीसर अन्य, पद संख्या 255, अंतिम तिथि 12 नवंबर 2021
7. इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड, पद ट्रेड और टेक्निकल अपरेंटिस, पद संख्या 1968, अंतिम तिथि 12 नवंबर 2021
8. राजस्थान पुलिस, पद कॉन्स्टेबल ड्राइवर व अन्य, पद संख्या 4438, अंतिम तिथि 3 दिसंबर 2021

# एलपीजी सिलेंडर अब केवल 633.50 रुपये में आएगा आपके घर

नई दिल्ली। घरेलू एलपीजी सिलेंडर अब केवल 633.50 रुपये में मिल रहा है। चौंक गए न जी हां! घरेलू गैस सिलेंडर के रेट में अभी कोई बदलाव नहीं हुआ है, 4 अक्टूबर के बाद न तो एलपीजी सिलेंडर सस्ता हुआ है और न ही महंगा, फिर भी आपको 633.50 रुपये का ही मिलेगा। दरअसल हम बात कर रहे हैं उस सिलेंडर की, जिसमें गैस दिखती भी है और 14.2 किलो गैस वाले भारी भरकम सिलेंडर से हल्का भी है। वैसे तो 14.2 किलो गैस वाला सिलेंडर दिल्ली में अभी 899.50 रुपये में मिल रहा है, लेकिन कंपोजिट सिलेंडर मात्र 633.50 रुपये में भरवा सकते हैं। वहीं 5 किलो गैस वाला एलपीजी कंपोजिट सिलेंडर केवल 502 रुपये में रिफिल होगा। एक बात ध्यान देने वाली यह है कि एलपीजी के दाम कम नहीं हुए हैं, बल्कि कंपोजिट सिलेंडर में वर्तमान सिलेंडर के मुकाबले 4 किलो गैस कम आएगी।

# एकता कपूर की दिवाली पार्टी में मंदिरा बेदी की सादगी ग्लैमर पर पड़ी भारी, लोग बोले-पति के बिना...

एकता कपूर की दिवाली पार्टी में ग्लैम ऐंड ग्लिटर के तड़के बीच मंदिरा बेदी ने सबका ध्यान खींचा। वह साड़ी में बेहद प्यारी दिख रही थीं। सोशल मीडिया पर उनकी तस्वीरें आने के बाद लोग उनकी तारीफ कर रहे हैं। मंदिरा बेदी के पति राज कौशल का निधन जुलाई में हुआ था। उसके बाद मंदिरा उनकी याद में कई पोस्ट कर चुकी हैं। राज के बिना यह उनकी पहली दिवाली है। इस मौके पर उन्होंने इंस्टाग्राम पर टूटे हुए दिल का इमोजी भी शेयर किया है।



**ग्लैमर के बीच मंदिरा पर टिकी नजर**-एकता कपूर की दिवाली पार्टी की तस्वीरें सोशल मीडिया पर छाई हुई हैं। सेलिब्रेशन में मौनी रॉय, हिना खान, हरलीन सेठी, आशा नेगी, करिश्मा तन्ना सहित कई ऐक्ट्रेसेस पहुंची थीं। मंदिरा बेदी ने भी अपने बच्चों के साथ पार्टी में हिस्सा लिया। तस्वीरें सोशल मीडिया पर आने के बाद लोग मंदिरा बेदी की सादगी की तारीफ कर रहे हैं।

**लोग बोले- सुंदर और एलिगेंट**-पपराजी विरल भैयानी के पोस्ट पर एक फॉलोअर ने कॉमेंट किया है, मुझे मंदिरा के लिए बुरा लग रहा है। उनके पति नहीं रहे। अगर पति होते तो वह और भी तैयार होतीं। फिर भी वह सुंदर लग रही हैं। इस पर एक ने जवाब दिया है, उन्होंने अच्छे कपड़े पहने हैं लेकिन मेकअप नहीं किया है। अपने तरीके से पति का रिस्पेक्ट करना ठीक है। अगर वह मेकअप भी करतीं तो यह उनकी जिंदगी है। लेकिन पति के बिना उनकी पहली दिवाली है। बहुत दुख की बात है। हम सभी को बुरा लग रहा है पर यही जीवन है। एक और सोशल मीडिया यूजर ने मंदिरा बेदी की तारीफ की है और लिखा है, मंदिरा बेदी बहुत एलिगेंट लग रही हैं। ट्रेडिशनल पार्टी के लिए ये परफेक्ट कपड़े हैं।

**दिवाली पर राज को किया याद**-कई लोगों ने मंदिरा बेदी को पार्टी में देखकर खुशी जताई है। मंदिरा बेदी ने देर रात एक टूटे दिल का इमोजी भी शेयर किया है। इस पर उनके इंडस्ट्री के दोस्तों ने उन्हें प्यार और सपोर्ट देने वाले कॉमेंट्स किए हैं। मंदिरा बेदी के पति राज कौशल का निधन जुलाई में कार्डिएक अरेस्ट के चलते हुआ था।

# फेस्टिव सीजन में खलल न डाल दे फूड प्वाइजनिंग

यकीनन त्योहारों का मजा खाने-खिलाने के साथ है। मगर मिलावटी या खराब खाद्य पदार्थ आपकी सेहत पर भारी पड़ सकते हैं। दिवाली ,रोशनी और खाने-पीने का त्यौहार है। इस दौरान लोग बिना कैलरीज की चिंता किए जमकर खाते-पीते हैं। लेकिन कई बार खाना नुकसान कर जाता है और सीधा असर हमारे शरीर पर होता है। दिवाली पर खूब तला-भुना और मीठा खाया जाता है। लेकिन सेहत के लिए सावधानी बहुत जरूरी है। आप तला-भुना और मिठाई अवश्य खाएं, लेकिन किसी चीज की अति ना करें। कई बार इन्हीं छोटी-छोटी गलतियों के कारण हमें फूड प्वाइजनिंग का सामना करना पड़ सकता है। जो त्योहार का मजा खराब कर देती है।

**क्या होती है फूड प्वाइजनिंग?** फूड प्वाइजनिंग एक तरह का संक्रमण है, जो स्टैफिलोकोकस बैक्टीरिया, या किसी दूसरे जीवाणु के कारण होती है। इस स्थिति में पेट दर्द, तेज बुखार, उल्टी, सिर में दर्द और दस्त जैसी समस्याएं होती हैं।वैसे तो यह समस्या ज्यादातर गर्मियों में लोगों को परेशान करती है, लेकिन दिवाली के समय भी अंधाधुंध खाने या मिलावटी खाद्य पदार्थों के कारण फूड प्वाइजनिंग हो सकती है। कुछ घरेलू उपाय इस स्थिति में आपके लिए मददगार हो सकते हैं। मगर गंभीर मामलों में आपको डॉक्टर की सलाह लेनी चाहिए।

**फेस्टिव सीजन में खानपान का ध्यान रखना है जरूरी**-आपको फूड प्वाइजनिंग से बचाव के लिए खानपान के मामले में सावधान रहने की जरूरत है। दिवाली के मौके पर कई बार बाजार मिलावटी सामान घर आ जाता है, जो फूड प्वाइजनिंग का कारण बन सकता है। इसलिए जब भी बाजार से कुछ खरीदें, तो लेबल को अच्छी तरह पढ़ें। चीजों की डेट ऑफ पैकेजिंग और एक्सपायरी डेट देखना भी आपको सही चीजें चुनने में मदद कर सकता है।

**साल्मोनेला**-यह लटिया का एक समूह होता है, जो ज्यादातर आधे कच्चे खाने में पनपने लगता है। इसलिए जब भी कभी आप किसी भी प्रकार का मीट, अनपेस्टिसाइड दूध यह चीज का सेवन करते हैं तो फूड प्वाइजनिंग का रिस्क बढ़ जाता है।

**क्लॉस्ट्रीडियम परफिंगेन्स** - यह बैक्टीरिया



हमेशा उस खाने में पाया जाता है जो ज्यादा मात्रा में बनाए जाते हैं। इसीलिए ज्यादातर बाहर के खाने में यह बैक्टीरिया मौजूद होता है। कई बार मिठाइयों के जरिए यह बैक्टीरिया आपके शरीर में प्रवेश करता है जिसके बाद आपको फूड प्वाइजनिंग की संभावनाएं बढ़ जाती है।

**लिस्टेरिया** - यह बैक्टीरिया फ्रिज में रखे खानों में पनपता है, क्योंकि इसको पनपने के लिए लो टेंपरेचर की आवश्यकता होती है। हम अक्सर अपना बचा हुआ खाना फ्रिज में रख देते हैं, जिसमें यह बैक्टीरिया जन्म लेना शुरू कर देते हैं और फूड प्वाइजनिंग जैसी समस्या का सामना करना पड़ता है।

**तुलसी** -तुलसी को आयुर्वेद में काफी मान्यता दी गई है। तुलसी में मौजूद कई औषधीय गुण बैक्टीरिया से लड़ने में सक्षम होते हैं।

# दो सप्ताह तक दही और हल्दी अंडर-आई मास्क का करें इस्तेमाल, आंखों की सूजन हो जाएगी गायब

अगर आप सूजी हुई आंखों को अलविदा कहना चाह रही हैं तो आपकी तलाश यहीं खत्म होती है। यह DIY हल्दी और दही का अंडर-आई मास्क जादू की तरह काम करता है !आप में से कितने लोग अपने पसंदीदा शो देखने के लिए पूरी रात जागते रहते हैं? या आधी रात तक काम करते रहते हैं। इससे पहले कि हम महसूस करें, आंखों के नीचे काले घेरे हमारे जीवन में अपना रास्ता बना लेते हैं। दुर्भाग्य से, वे आपकी आंखों को थका हुआ दिखाते हैं और सूजन को बढ़ाते हैं। तो आप क्या कर सकते हैं? मेरी तरह ही, आप इस DIY दही और हल्दी के मास्क को आजमा सकते हैं मैं कुछ दिनों से इस समस्या से जूझ रही थी। मैंने इसके लिए क्या कुछ नहीं ट्राई किया। सीरम से लेकर क्रीम तक, मैंने सब कुछ खरीदा लेकिन वास्तव में कुछ भी काम नहीं आया। मुझे सारा पैसा उड़ा देने का अफसोस है, क्योंकि ब्यूटी ब्रांड द्वारा किए गए सारे वादे झूठे निकले। अंत में, मेरी आंखों के नीचे का क्षेत्र और भी अधिक फूल गया! बहुत सारे 'सौंदर्य प्रसाधन' वास्तव में आपकी समस्या को खराब कर सकते हैं। लेकिन पिछले महीने, मैं एक दोस्त से मिली, जिसने मुझे इस चमत्कारी उपाय के बारे में बताया हां, DIY दही और हल्दी आई मास्क! पहले तो मुझे इस पर विश्वास नहीं हुआ, क्योंकि यह कैसे संभव है कि केवल दो सामग्रियां ही सारा काम कर दें। लेकिन, मुझे खुशी है कि मैंने उस पर भरोसा किया।




# शादी के बाद शानदार रही दीया मिर्जा की पहली दिवाली, फोटो में देखिए एक्ट्रेस की खुशी

अभिनेत्री दीया मिर्जा के लिए इस बार की दिवाली बेहद खास रही है। अपनी शादी और मां बनने के बाद वो पहली बार अपने बिजनेसमैन पति वैभव रेखी और बेटे अव्यान के साथ दिवाली सेलिब्रेट की हैं। दीया ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से अपने दिवाली सेलिब्रेशन की तस्वीरें शेयर की हैं, जिसमें वह अपने परिवार का साथ हंसती खिलखिलाती दिख रही हैं।

**ट्रेडिशनल आउटफिट में दिखा परिवार**- दीया मिर्जा ने इंस्टाग्राम पर जो अपनी फोटो शेयर की हैं, जिसमें वैभव की पहली बेटी समायरा भी दिख रही है। बता दें कि समायरा वैभव की पहली वाइफ की बेटी है। इस फोटो को शेयर करते हुए दीया ने फैंस को दिवाली की शुभकामनाएं दीं। सामने आई इस तस्वीर में सभी ट्रेडिशनल आउटफिट में दिखाई दे रहे हैं। दीया येलो सूट में प्यारी लग रही हैं। वैभव ऑरेंज कुर्ता में और समायरा पर्पल पिंक कुर्ती में दिख रही है। फोटो में दिया मिर्जा अपने छोटे से बेटे अव्यान को भी गोद में लिए नजर आ रही हैं। फैंस को इनकी यह फैमिली पिक्चर काफी पसंद आ रही है।



**जानिए क्यों खास है दीया मिर्जा के लिए ये दिवाली**-आपको बता दें कि दीया ने इसी साल मुंबई के बिजनेसमैन वैभव रेखी के साथ दूसरी शादी की थी। शादी के डेढ़ महीने के बाद ही दीया ने अपनी प्रेग्नेंसी अनाउंस कर दी थी। इसके बाद मई में उन्होंने प्री-मैच्योर बेटे का जन्म दिया । दीया की मानें तो अव्यान का जन्म बड़ी ही कॉम्प्लिकेशन के बीच हुआ और उसे जन्म के दो महीने बाद तक अस्पताल में ही रखा गया। दीया और वैभव दोनों की ही दूसरी शादी है। इससे पहले दीया ने फिल्म प्रोड्यूसर साहिल संघा से शादी की थी लेकिन शादी के पांच साल बाद दोनों ने आपसी सहमति से 2019 में तलाक ले लिया था। इसलिए इस बार न्यू कपल और न्यू मॉम के तौर पर दीया की ये पहली दिवाली है । दो उनके और परिवार के लिए बेहद स्पेशल रही है।




# टिम साउदी ने बताया टीम इंडिया को उनके घर में हराने के लिए क्या-क्या करना होगा

शारजाह। न्यूजीलैंड के अनुभवी तेज गेंदबाज टिम साउदी का मानना है कि भारत अपनी सरजमीं पर बहुत मजबूत क्रिकेट टीम है और दो टेस्ट मैचों की आगामी सीरीज में मेजबान देश को चुनौती देने के लिए उनकी टीम को स्पिनरों की अनुकूल परिस्थितियों के साथ जल्दी एडजस्टमेंट बैठाना होगा। इस साल जून में खेली गई वर्ल्ड टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के फाइनल के बाद दोनों टीमें पहली बार इस फॉर्मेट में एक-दूसरे का सामना करेंगी। वर्ल्ड टेस्ट चैम्पियनशिप के फाइनल में भारत को हार का सामना करना पड़ा था। न्यूजीलैंड को 2016 में भारत के अपने पिछले दौरे पर 0-3 से हार का सामना करना पड़ा था।आगामी दौरे का पहला टेस्ट 25 से 29 नवंबर तक कानपुर में और उसके बाद दूसरा टेस्ट तीन से सात दिसंबर तक मुंबई में खेला जाएगा। टेस्ट सीरीज के पहले जयपुर (17 नवंबर), रांची (19 नवंबर) और कोलकाता (21 नवंबर) में तीन मैचों की टी-20 इंटरनेशनल सीरीज के मुकाबले खेले जाएंगे। भारतीय दौरे के लिए 16 सदस्यीय टीम की घोषणा के मौके पर साउदी ने कहा, हमें भारत में भारत के खिलाफ खेले हुए काफी समय हो गया है। वे अपनी परिस्थितियों में मजबूत टीम हैं। हम ऐसी विदेशी परिस्थितियों के अभ्यस्त नहीं हैं, इसलिए हमें जितना जल्दी हो सके परिस्थितियों के अनुकूल होने की जरूरत है। न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट और ऑलराउंडर कोलिन डि ग्रैंडहोम जैव सुरक्षित वातावरण (बायो बबल) की थकान को देखते हुए इस दौरे का हिस्सा नहीं होंगे। साउदी ने कहा कि डब्ल्यूटीसी के पहले खिताब को हासिल करना अब अतीत की बात है, क्योंकि भारत दौरे के साथ नया टेस्ट सर्किल (वर्ल्ड टेस्ट चैम्पियनशिप के दो साल का सर्किल) शुरू हो रहा है। उन्होंने कहा, नया सर्किल रोमांचक है। दौरे पर जाने और एक बहुत अच्छे प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ कठिन परिस्थितियों में खुद को परखने के लिए एक शानदार मौका होगा। पिछले सर्किल का हिस्सा बनना अच्छा था, लेकिन हम फिर से नई शुरुआत कर अगले दो साल के सर्किल में अच्छा प्रदर्शन करने की ओर देख रहे हैं।

# कठिन समय हमेशा के लिए नहीं रहता

## टी-20 वर्ल्ड कप में दबाव झेल रहे विराट कोहली के जन्मदिन पर दिग्गजों ने दी शुभकामनाएं

नई दिल्ली। टीम इंडिया के कप्तान विराट कोहली 33 साल के हो गए हैं। उनका जन्म 5 नवंबर 1988 को दिल्ली में हुआ था और उन्होंने 19 साल की उम्र में 2008 में श्रीलंका के खिलाफ टीम इंडिया के लिए डेब्यू किया था। इस समय दुनिया के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में से एक विराट कोहली की अगुआई में टीम इंडिया टी-20 वर्ल्ड कप में खेल रही है।भारतीय टीम के लिए यह टूर्नामेंट अब तक बहुत अच्छा नहीं रहा है। टीम अब तक तीन में से दो मैच हार गई है। इसके बाद उनके सेमीफाइनल में पहुंचने की संभावना बहुत कम हो गई है। कोहली के जन्मदिन के दिन भारतीय टीम स्कॉटलैंड के खिलाफ उतरेगी। टीम इंडिया को आज का मुकाबला बड़े अंतर से जीतना होगा। साथ ही यह भी दुआ करनी होगी कि न्यूजीलैंड की टीम अपने आने वाले मुकाबलों में हार जाए। कोहली के जन्मदिन के मौके पर कई दिग्गज खिलाड़ियों ने उनको शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने इस कठिन समय से कोहली को लड़ने के लिए कहा है। टीम इंडिया के पूर्व सलामी बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग ने कोहली के लिए ट्विटर पर लिखा, कठिन समय लंबे समय तक नहीं रहता।



# आथिया शेट्टी और केएल राहुल का रिलेशन हुआ ऑफिशियल

## बर्थ डे पर पोस्ट शेयर कर लिखा- जन्मदिन की बहुत बधाई मेरी आथिया

नई दिल्ली। पिछले कुछ दिनों से बॉलीवुड एक्ट्रेस आथिया शेट्टी और क्रिकेटर केएल राहुल के रिलेशन को लेकर अभी तक रूमर्स फैल रही थीं। लेकिन क्रिकेटर राहुल ने आथिया के बर्थडे पर पोस्ट शेयर कर पब्लिकली ऑफिशियल कर दिया। इस पोस्ट पर अब फिल्म और क्रिकेट इंडस्ट्री के लोगो के रिएक्शन आ रहे हैं। पंजाब किंग्स के क्रिकेटर मंदीप सिंह ने अपने कमेंट में आथिया को भाभी जी लिखा। कपल हमेशा एक दूसरे की फोटोज पर प्यार भरे कमेंट करते नजर आते हैं। लेकिन अभी तक दोनों ने पब्लिकली अपने रिश्ते को नहीं एक्सेप्ट किया था। आथिया के लिए केएल राहुल ने एक ऐसा पोस्ट शेयर किया जिससे इस कपल का रिलेशन ऑफिशियल हो गया। राहुल ने अपने पोस्ट के कैप्शन में लिखा, जन्मदिन की बहुत बधाई मेरी आथिया। राहुल के पोस्ट पर अनुष्का शर्मा, सैयामी खेर, सानिया मिर्जा, हार्दिक पांड्या, सिकंदर खेर ने कमेंट में कई दिल वाले इमोजी पोस्ट किए।

हमारा वतन साप्ताहिक
HamaraWATANWeekly संस्थापित 1965 ہمارا وطن ہفت روزہ
राष्ट्रीय विचारधारा की सर्वोत्तम अभिव्यक्ति का प्रतीक

क्या ख़ाक़ लिखे कोई, बरगश्ता ज़माना है,
कांटों पै भी चलना है, दामन भी बचाना है।

# महंगाई, मोदी और विपक्ष

इस बात में कोई संदेह नहीं कि पिछले कुछ महीनों में भारत की जनता महंगाई से परेशान है और इसमें सबसे ज्यादा योगदान बेशक पेट्रोलियम पदार्थों का रहा है. ऐसा इसलिए क्योंकि सामान की ढुलाई डीजल गाड़ियों से ही होती है. फिर अतिवृष्टि ने भी बेडा गर्क कर रखा है. किसानों को तो इससे भारी क्षति हुई ही है ग्राहकों को भी इन दिनों सब्जी खरीदना काफी महंगा पड रहा है. केला किसान तो पूरी तरह से बर्बाद ही हो गए हैं और दुर्भाग्य देखिए कि बिहार में केले की खेती का बीमा भी नहीं होता.उनका दुर्भाग्य तो यह भी है कि 2014 में हाजीपुर की चुनावी सभा में मोदी जी उनसे उनके सारे दुःख दूर करने का वादा करके भूल गए हैं., खैर सब्जी की महंगाई तो तात्कालिक और मौसमी है लेकिन बाकी वस्तुओं के मूल्य में भी भारी उछाल देखने को मिल रहा है. खासकर सरसों तेल उपभोक्ताओं का तेल निकाल रहा है. इस बीच चाहे कारण जो भी हो दिवाली से ठीक एक दिन पहले केंद्र सरकार ने पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क घटाने का ऐलान किया है। इसके बाद अब तक देश के 22 राज्यों ने मूल्य वर्धित कर (वैट) में कटौती कर दी है। इनमें से अधिकतर बीजेपी शासित राज्य या केंद्र शासित प्रदेश हैं। वहीं, कांग्रेस शासित राज्यों में अब भी वैट की कटौती नहीं की गई है। कुल 13 राज्य या केंद्र शासित प्रदेश में अब तक वैट नहीं कम किए गए हैं। ऐसे में इन राज्यों में सिर्फ केंद्र की ओर से दी गई राहत ही प्रभावी है। जिन राज्यों ने वैट पर राहत नहीं दी है, उनमें अधिकतर कांग्रेस शासित प्रदेश हैं। ये राज्य महाराष्ट्र, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, केरल, मेघालय, अंडमान और निकोबार, झारखंड, छत्तीसगढ़, पंजाब और राजस्थान हैं। वैट में कटौती नहीं करने पर भाजपा की ओर से विपक्षी दलों की आलोचना की गई है। दिल्ली में तो धरना-प्रदर्शन की भी तैयारी हो रही है. बीजेपी ने कहा है कि विपक्ष पेट्रोल और डीजल की ऊंची कीमतों को लेकर केंद्र पर हमले कर रहा है, लेकिन जब केंद्र सरकार ने उत्पाद शुल्क घटाया तब उन्होंने अपने-अपने शासन वाले राज्यों में वैट क्यों नहीं घटाया?


राम गोपाल सैनी

## अति आवश्यक सूचना

पाठकों व विज्ञापनदाताओं से निवेदन है कि जिनका सालाना सदस्यता शुल्क व विज्ञापनों का भुगतान नहीं हो पाया है वे अपना शुल्क 'हमारा वतन वीकली के नाम से खाता संख्या 61079058819' एसबीआई (IFSC Code- SBIN0004227) में या 9214996258 पर फोन-पे, पेटीएम, गुगल-पे पर जमा कराकर सूचित करें।

- सम्पादक

पुनीत प्रतिष्ठा में :-

### जल जीवन मिशनः जलदाय मंत्री ने किया अजमेर जिले में


# करीब 6 करोड़ रुपये की लागत से तीन गांवों की पेयजल योजनाओं का शिलान्यास

जयपुर(नि.सं.)। जलदाय मंत्री डॉ. बी. डी. कल्ला ने जयपुर से वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से अजमेर जिले में जल जीवन मिशन (जेजेएम) के तहत करीब 6 करोड़ रुपये की लागत से तीन गांवों में 'हर घर नल कनेक्शन' देने के कार्यों का शिलान्यास किया। इसके तहत जिले के तीन गॉव खरेखडी, हाथीखेडा एवं अजयसर में करीब 1500 'हर घर नल कनेक्शन' दिए जाएंगे। जलदाय विभाग द्वारा अजमेर के खरेखडी, हाथीखेडा एवं अजयसर की पेयजल योजनाओं की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति जारी की गई। खरेखडी में 234.00 लाख की लागत से 585, हाथीखेडा में 213.00 लाख की लागत से 533 एवं अजयसर में 139.00 लाख की लागत से 348 परिवारों को 'हर घर नल कनेक्शन' दिए जाएंगे। इस मौके पर अपने सम्बोधन में डॉ. कल्ला ने कहा कि वर्ष 2013 से पहले केन्द्र सरकार द्वारा राजस्थान को पेयजल परियोजनाओं के लिए 90 प्रतिशत सहायता देती थी, जिसे घटाकर 45 प्रतिशत कर दिया गया है। इसके बावजूद राज्य सरकार प्रदेश में जेजेएम के तहत वर्ष 2024 तक सभी ग्रामीण परिवारों को 'हर घर नल कनेक्शन' के माध्यम से स्वच्छ पेयजल मुहैया कराने की दिशा में लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा केन्द्र सरकार के स्तर पर लगातार यह मांग उठाई जा रही है कि राजस्थान की विषम स्थितियों को देखते हुए जेजेएम के तहत पहले की तरह 90 प्रतिशत सहायता राशि उपलब्ध कराई जाए। जलदाय मंत्री ने जलदाय विभाग के अधिकारियों से कहा कि जेजेएम के कार्यों को निर्धारित समय सीमा में पूरा किया जाए और इनमें गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं हो। सोर्स सस्टेनिबिलिटी के लिए भी कार्य किया जाए ताकि लोगों को जेजेएम की पेयजल परियोजनाओं के जरिए लम्बी अवधि तक निरंतर निर्धारित मात्रा में पेयजल उपलब्ध कराया जा सके। उन्होंने ग्राऊण्ड वाटर रिचार्ज की दिशा में ठोस कार्यों की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि लोगों को जल संरक्षण एवं जल की बूंद-बूंद के बचत के लिए प्रेरित किया जाए। शिलान्यास के कार्यक्रम से वीसी के माध्यम जलदाय विभाग के अधिकारियों के अलावा महेन्द्र सिंह रलावता, लाल तंवर, जिला परिषद सदस्य, लाल सिंह रावत, सरपंच हाथीखेडा, गजेन्द्र सिंह रलावता-पार्षद, जय शंकर चौधरी, राजनारायण आसोपा सहित अन्य जन प्रतिनिधियों एवं क्षेत्रीय नागरिक भी जुड़े।



## 30 नवंबर के बाद प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत नहीं मिलेगा मुफ्त राशन

नई दिल्ली (हमारा वतन) प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत गरीबों को नवंबर के बाद मुफ्त राशन देने पर संशय है। खाद्य सचिव सुधांशु पांडे ने शुक्रवार को कहा कि इस स्कीम के तहत नवंबर के बाद भी गरीबों को राशन दिए जाने का फिलहाल कोई प्रस्ताव नहीं है।



बता दें कि बीते साल से ही केंद्र सरकार की ओर से इस स्कीम के तहत गरीब परिवारों को मुफ्त राशन मुहैया कराया जा रहा है।

इसी साल जून में पीएम नरेंद्र मोदी की ओर से इस स्कीम को नवंबर तक बढ़ाने का ऐलान किया गया था। खाद्य सचिव सुधांशु पांडेय ने शुक्रवार को कहा, अर्थव्यवस्था अब सुधार की ओर बढ़ रही है। ऐसे में पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना के विस्तार का कोई प्लान नहीं है। महंगे खाद्य तेल की महंगाई के सवाल पर उन्होंने कहा कि देश कई राज्यों में इसमें कमी देखने को मिल रही है।

## 1 लाख रुपये के बन गए 13 लाख, इस शेयर ने निवेशकों को दिया बंपर रिटर्न

नई दिल्ली। स्टॉक मार्केट में कुछ शेयर आपको बहुत ही कम समय में मालामाल कर देते हैं। डिक्सन टेक्नोलॉलीजऐसा ही स्टॉक है। डिक्सन टेक्नोलॉजीज के शेयरों ने पिछले 3 साल में निवेशकों को तगड़ा रिटर्न दिया है। जहां BSE सेंसेक्स पिछले 3 साल में 70 फीसदी से ज्यादा चढ़ा है। वहीं, डिक्सन टेक्नोलॉजीज के शेयरों ने इस अवधि में 1300 फीसदी से ज्यादा का रिटर्न निवेशकों को दिया है। अक्टूबर 2018 में बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज में डिक्सन टेक्नोलॉजीज के शेयर 420 रुपये के करीब थे। 2 नवंबर 2021 को कंपनी के शेयर 5500 रुपये के स्तर पर बंद हुए। यानी, कंपनी के शेयरों ने पिछले 3 साल में 1300 फीसदी से ज्यादा का रिटर्न इनवेस्टर्स को दिया है।

## फिर सत्य साबित हुई पंडित रविंद्र आचार्य की भविष्यवाणी



जयपुर (हमारा वतन) बाबा श्याम और रींगस भैरू जी के आशीर्वाद से एक बार फिर तारा ज्योतिष साधना केंद्र के अध्यक्ष और अंतरराष्ट्रीय भविष्यवक्ता पंडित रविंद्र आचार्य ने अतुल साहू आरपीएस सहायक पुलिस आयुक्त जयपुर के प्रमोशन को लेकर की गई भविष्यवाणी सटीक हुई ,उन्हें एडिशनल एसपी बनाया गया है ।

अतुल साहू ने आचार्य को धन्यवाद दिया और कहा कि महाराज भविष्यवाणी वह अपने इष्ट से करते हैं । बाकी कर्म प्रधान है । ज्योतिष एक गाइड है ,रस्ता बताने वाला । आचार्य की काफी भविष्यवाणी सटीक हुई है । आगे भी निरंतर भविष्यवाणी करते रहेंगे ।

पंडित रविंद्र आचार्य ने अतुल साहू को श्री राम का दुपट्टा पहनाकर ,श्याम कलम देकर सम्मानित किया ,उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## इंटरनेशनल यूनिटी अवॉर्ड से सम्मानित - शिक्षक कटारिया

सीकर (हमारा वतन) नीमकाथाना तहसील के ग्राम गुहाला के राजकीय प्राथमिक विद्यालय भूराटीबा के शिक्षक महेन्द्रसिंह कटारिया को शैक्षिक, सामाजिक एवं साहित्यिक लेखन कार्यों के लिए इंटरनेशनल यूनिटी अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है।

राष्ट्रीय एकता दिवस लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जयन्ती पर शांति फॉउंडेशन गोण्डा, उत्तरप्रदेश कार्य क्षेत्र सम्पूर्ण भारत के द्वारा इंटरनेशनल यूनिटी अवॉर्ड 2021 कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें भारत सहित नेपाल, साउथ अफ्रीका, बांग्लादेश, पिलिस्तीन, अरब, अमीरात के 146 लोगों को सम्मानित किया गया। राजस्थान से शिक्षक महेन्द्र सिंह कटारिया को भी इस सम्मान से सम्मानित किया गया। शिक्षक ने यह सम्मान ऑनलाइन लिया।



गौरतलब है कि शिक्षक कटारिया लगातार अपने साहित्यिक लेखन से समाज को आडंबर, दुर्व्यसनों से दूर रहकर, पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक कर रहे हैं। साहित्यिक लेखन व सामाजिक सरोकारों के लिए अनेक प्रान्तीय एवं राष्ट्रीय सम्मानों से नवाजा जा चुका है।

खबरों, विज्ञापन एवं सदस्यता के लिए सम्पर्क करें ।

Email-
hamarawatan65@gmail.com
9214996258, 7014468512




RNI No. 10311/1965
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, सम्पादक राम गोपाल सैनी के लिए उदय प्रिन्टर्स 43 ए, माली कॉलोनी, चांदपोल बाहर, जयपुर से मुद्रित तथा वार्ड नं.1, सामोद रोड़ नीमड़ी, ग्राम-मोरीजा, तहसील-चौमूँ, जिला-जयपुर से प्रकाशित , मो. 9214996258, 7014468512
संरक्षक : बाबूलाल सैनी मोः 9352734588
सहायक सम्पादकः राकेश तिवाड़ी
प्रबंध सम्पादक : वली मोहम्मद कुरैशी, मो. 9929610759
सभी प्रकार के वाद-विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर शहर होगा